# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

**प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे**
वर्ष 13 | अंक 10 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार , 3 जून 2025 से 9 जून 2025 तक


# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 31 मई को इंदौर आकर नव उद्‌घाटित मेट्रो रेल परियोजना संचालन का लिया जायजा

## मेट्रो रेल में बैठकर किया सफर





**अनिल चौधरी » रणजीत टाइम्स**

इंदौर 31 मई 2025। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 31 मई की शाम को इंदौर आये। इंदौर एयरपोर्ट से सीधे नव उद्घाटित मेट्रो रेल परियोजना के गांधीनगर क्षेत्र में स्थित देवी अहिल्याबाई मेट्रो स्टेशन पहुंचे। यहां से उन्होंने मेट्रो रेल में बैठकर सफर किया। वे सैकड़ों महिला यात्रियों के साथ सफर में अहिल्याबाई मेट्रो स्टेशन से झलकारी बाई मेट्रो स्टेशन तक पहुंचे। उसके पश्चात वहां से वापस अहिल्याबाई मेट्रो स्टेशन आए। इस दौरान वे इंजन में पहुंचे तथा उन्होंने मेट्रो रेल संचालन की व्यवस्थाओं को देखा। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों से चर्चा कर मेट्रो रेल संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अपने सफ़र के दौरान महिला यात्रियों से भी चर्चा की और उनके अनुभव जाने। स्टेशन पहुंचते ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस दौरान नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़ तथा सुश्री उषा ठाकुर, सुमित मिश्रा, श्रवण कुमार चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संभागायुक्त दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह तथा कलेक्टर आशीष सिंह भी उनके साथ थे।

उल्लेखनीय की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर भोपाल में आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन के माध्यम से इस मेट्रो रेल परियोजना का शुभारंभ किया। बताया गया कि इंदौर की मेट्रो रेल परियोजना का यह प्रथम चरण है। प्रथम चरण में 1520 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। यह येलो लाइन मेट्रो 6 किलोमीटर लंबाई के रूट पर चलेगी। इस मेट्रो रेल में सभी आधुनिक, सुगम और पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधा मिलेगी। प्रति ट्रेन में 900 से अधिक यात्री एक साथ सफ़र कर सकते हैं। स्टेशनों को भी अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया गया है। स्टेशनों में यात्रियों की सुविधा के लिए लिफ्ट, एस्केलेटर, AI आधारित ट्रैकिंग एवं क्यूआर आधारित टिकटिंग प्रणाली से सफ़र को स्मार्ट बनाया गया है।

# देवी अहिल्याबाई पर डाक टिकट, स्मारक सिक्का और टर्मिनल का नाम किए जाने पर भाजपा ने मनाया जश्न

## राजवाड़ा पर नागरिकों को मिठाई खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया

**आदित्य शर्मा » रणजीत टाइम्स**

**सह. संपादक**

इंदौर। पुण्यश्लोका लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300 वीं जन्म जयंती के अवसर पर भोपाल में आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव की उपस्थिति में अहिल्या माता पर डाक टिकट, स्मारक सिक्का जारी किए जाने एवं इंदौर मेट्रो ट्रेन के गांधी नगर टर्मिनल का नाम देवी अहिल्याबाई किए जाने पर भाजपा द्वारा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महाराष्ट्र के मंत्री जय कुमार रावल, विधायक गोलू शुक्ला, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता की उपस्थिति मे राजवाड़ा चौक पर जश्न मनाकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री जय कुमार रावल ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर के जन्म जयंती का त्रिशताब्दी महोत्सव पूरे देश में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा की महिला की जयंती के उपलक्ष में डाक टिकट एवं 300 रू का सिक्का जारी कर देश के नाम अर्पित किया श्री रावल ने आगे कहां की मां अहिल्या की जन्म स्थली से उनकी कर्मस्थली इंदौर में उन्हें नतमस्तक करने आया हूं मां अहिल्या ने अपने काल में चाहे पानी का नियोजन हो राजव्यवस्था हो सांस्कृतिक धरोहर को संभालना हो या फिर धर्म के लिए काम हो या फिर सी को मजबूत करने के लिए उन्होंने अभूतपूर्व कार्य किए हैं उनके इन्हीं कार्यों को नमन करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उत्साहित है इंदौर की बात करें तो उनके राज में जो विकास प्रारंभ हुआ वह वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में पार्षद विधायक एवं वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में अनवरत जारी है हमें बहुत गर्व है कि जिस राजवाड़ा से उन्होंने शासन किया आज इस राजवाड़ा पर हम उन्हें नमन करने के लिए एकत्रित हुए है। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि देवी अहिल्याबाई हमारे इंदौर का गौरव है, अहिल्याबाई की दूरदृष्टि के फलस्वरुप ही इंदौर का चहुंमुखी विकास सम्भव हुआ है इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि मां अहिल्या की 300 वीं जन्म जयंती के अवसर पर भोपाल में आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देवी अहिल्या बाई पर डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी किया साथ ही इंदौर मेट्रो के अंतर्गत गांधी नगर टर्मिनल का नाम देवी अहिल्याबाई के नाम पर किया जाना, इंदौर के लिए गौरव का विषय है इस उपलब्धि से इंदौर के सभी नागरिक गौरवांवित हुए हैं।







इस अवसर पर श्रीमती अंजू माखीज, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमती शैलजा मिश्रा, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष सौगात मिश्रा, अक्षय कांति बम, घनश्याम नारोलिया किरण सूर्यवंशी, मनोज ठाकुर, वरुण पाल, मुकेश जरिया, हरप्रीत बक्शी, भारत पारख, नितिन द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संत शिरोमणि रविदासजी युवा एकता संगठन द्वारा रविवार को सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन हुआ

**आशीष शर्मा**

सनावद-संत शिरोमणि रविदासजी युवा एकता संगठन द्वारा रविवार को सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन किया गया।समारोह का शुभारंभ संत रविदास एवं संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक सचिन बिरला ने संगठन के सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 11 लाख रु प्रदान करने की घोषणा की। सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 हजार वर्गफीट भूमि दानदाता कड़वाजी कोठारे का विधायक एवं संगठन के पदाधिकारियों ने शॉल,श्रीफल से सम्मान किया। इसी प्रकार संगठन के अध्यक्ष कालू ठेकेदार वछानपुरे ने 50 हजार एवं सदस्य डॉ.दिनेश पिपले ने 51 हजार प्रदान करने किए। विधायक ने कहा कि





संत शिरोमणि रविदासजी युवा एकता संगठन द्वारा परस्पर सहयोग के माध्यम से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। यह बड़ी प्रसन्नता का विषय है।विधायक ने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से वैवाहिक, सामाजिक,धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में समाजजनों को बड़ी सहूलियत मिलती है। समारोह में उपस्थित समाजजनों ने सामुदायिक निर्माण हेतु उदारतापूर्वक दान दिया। समाजसेवी मुश्ताक मलिक ने सामुदायिक भवन निर्माण हेतु पांच ट्रॉली गिट्टी प्रदान करने की घोषणा की। इस दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर,नपाध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिर्ला, संगठन के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल सगोरे,उपाध्यक्ष सुरेश सगोरे,सचिव बसंत सगोरे,कोषाध्यक्ष मांगीलाल सगोरे,श्रीराम वाछनपुरे,आनंदराम सगोरे,आशाराम वर्मा,रमेशचंद पिपल्या,गंगाराम वर्मा,कड़वाजी कोठारे,राकेश कोठारे,राधेश्याम वछाने,हरिशंकर वछाने,गौतम सगोरे, सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# निमरानी प्रेस क्लब द्वारा पुलिस पत्रकार बैठक मिलन समारोह का हुआ आयोजन, प्रेस क्लब का किया गया गठन

**शिवकुमार राठौड़**

कसरावद। प्रेस क्लब मगरखेड़ी निमरानी द्वारा रविवार को पत्रकार और पुलिस की बैठक का आयोजन किया पुलिस मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें स्थानीय पत्रकारों सहित पुलिस प्रशासन द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर निमरानी प्रेस क्लब का पुनर्गठन



करते हुए नव नियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई।साथ ही बलकवाड़ा थाना प्रभारी रितेश यादव खलटाका पुलिस चौकी प्रभारी अजय दुबे और तहसील पत्रकार संघ अध्यक्ष नीतीश लूणिया का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

वही इस दौरान अध्यक्ष दीनदयाल शर्मा निमरानी उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह पटेल सत्राटी कोषाध्यक्ष गौरव सिसोदिया, निमरानी और सचिव शिवकुमार राठौड़ मगरखेड़ी जिन्हें उपस्थित साथी गण द्वारा शुभकामनाएं और बधाइयाँ दी गई। बैठक में बलकवाड़ा थाना प्रभारी रितेश यादव तहसील पत्रकार संघ अध्यक्ष नितीश लूणिया एवं नवनियुक्त चौकी प्रभारी अजय दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी ने पत्रकारों के साथ संवाद स्थापित करते हुए क्षेत्र की सुरक्षा कानून व्यवस्था एवं पुलिस बल की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। इसके साथ ही थाना प्रभारी रितेश यादव ने सरकार की नई योजना के बारे में बताया जिसके अंतर्गत दुर्घटनाग्रस्त घायलों को अस्पताल पहुंचाने पर 25,000 रुपये तक की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाती है। यह पहल दुर्घटनाओं के पीड़ितों को त्वरित मदद दिलाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील पत्रकार संघ अध्यक्ष नितिष लुणिया द्वारा की गई साथ ही संचालन निमरानी प्रेस क्लब अध्यक्ष दीनदयाल शर्मा द्वारा किया गया।

# गुरुद्वारा श्री गुरु अर्जन दरबार साहिब बेहटा में सालाना शहीदी जोड़ मेला में ,हजारों सिख संगत ने मत्था टेका



**सुनील नगेले**

शिवपुरी शिवपुरी 2 जून।श्री अर्जन देव साहिब के 419 वे शहीदी दिवस पर 21वां सालाना शहीदी जोड़ मेला में आज तृतीय दिवस गुरुद्वारा श्री अर्जनदेव दरबार साहिब, बेहटा, शिवपुरी में श्री अखंड पाठ साहिब के पाठ का समापन हुआ.इस अवसर पर श्री गुरुद्वारा के जत्थेदार बाबा तेग सिंह ने अपने उद्बोधन में श्री गुरु अर्जन देव जी जीवन पर विस्तार से उपस्थित सैकड़ों संगत को बताया ओर शहीदी जोड़ मेला की विशेषता का भी बखान किया.महापुरषो ने प्रवचन दिये,कथा वाचक ने करायें सुनाई,कीर्तन जत्था ने संगीतबद्ध कीर्तन सुनाये, हजारों सिख संगत के अलावा सैकड़ों नागरिक मेला में इकट्ठा होकर धर्म लाभ ले रहे हैं।

शहीदी जोड़ मेला में ठण्डे मीठे जल दीया शीला, गुरु दा अटूट लन्गर चल रहा है, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब के सैकड़ों की संख्या में संगत सामिल हो रही है। आज भी भारी दीवाना सजा रहेगा, पावन दरबार साहिब दी कार सेवा सचखंडवासी श्रीमान संत बाबा तारा सिंह जी सम्प्रदाय सरहाली साहिब की की कृपा से सम्प्रदाय प्रमुख सरहाली साहिब संत बाबा घोलासिंह जी के मार्गदर्शन में,मुख्य जत्थेदार संत बाबा गुमान सिंह उत्तर प्रदेश वाले के दिशा-निर्देश एवं जत्थेदार बाबा तेग सिंह के नेतृत्व में शहीदी जोड़ मेला लगाया जा रहा है।इस मेला मे महापुरुष जत्थेदार श्री अकालतख्त साहिब सिंहसाहिब ,भाई रणजीत सिंह जी संत बाबा लखा सिंह जी, संत बाबा बलविंदर सिंह जी कोटा वाले, संत बाबा सेवा सिंहजी, संत बाबा लखा सिंह जी किला दाताबन्दी छोड ग्वालियर, संत बाबा गुरमेत सिंह जी डबरा वाले इत्यादि भी अपना प्रवचन दें रहे है,इस मेले में शहीदी महापुरुषों, संतो के विषय में अमृतसर दरबार साहिब के ढाड़ी जत्था भाई हरपाल सिंह टण्ड, कीर्तन जत्था नानक दरबार वाले भाई रवीन्द्र सिंह जी जोनी बाबाजी, दशमेश नगर वाले काविसर जत्था भाई मक्खन सिंह जी, गोविंद दास साहिब वाले कथा वाचक भाई दविन्दर जी सोनूवीर अपनी प्रस्तुति दें रहे है .मेला के अन्तिम दिवस 3 जून को सुबह 10 बजे से भारी अर्मत संचार होगा इसके उपरांत शहीद जोड़ मेला का समापन होगा.शहीदी जोड़ मेला में दिन रात अटूट लंगर संचालित होगा साथ ही धार्मिक पुस्तकें,सामान की दुकानें भी लगी है श्री गुरुद्वारा अर्जनदेव जी, बेहटा के जत्थेदार बाबा तेग सिंह, जत्थेदार बाबा अमरिक सिंह, गुरु प्रीत सिंह, नवजोतसिंह,बरयाम सिंह,संग्राम सिंह,सुखचेन सिंह ने सभी संगत से अनुरोध किया है की हमेशा की तरह शहीदी जोड़ मेला में अर्मत संचार में सामिल हो ओर श्री गुरु का असीम आर्शीवाद ग्रहण करें ओर जीवन को कृतार्थ करे।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार , 3 जून 2025 से 9 जून 2025 तक



# ऊर्जा मंत्री बोले-1 महीने तक एसी, पेट्रोल-डीजल वाहन का इस्तेमाल बंदः टेंट लगाकर पंखे में आराम करूंगा; कांग्रेस महासचिव ने कहा- इससे समस्या हल नहीं होगी

**ऋषि गोस्वामी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ, प्रदूषण मुक्त और हरित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री और शिवपुरी के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एक महीने तक एसी और पेट्रोल-डीजल वाले वाहन का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया है। ऊर्जा मंत्री का कहना है कि वह एक महीने तक ग्वालियर में अपने निवास के सामने स्थित पार्क के बाहर टेंट लगाकर पंखे में रात्रि विश्राम करेंगे। अब ऊर्जा मंत्री ग्वालियर शहर शिवपुरी में ई-बाइक का उपयोग और बाइक चार्जिंग में सोलर ऊर्जा का प्रयोग करेंगे। उन्होंने इस अभियान के तहत नागरिकों से अपील की है कि वे अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाकर प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग करें।

इससे पहले भी मंत्री ऊर्जा मंत्री एक महीने तक बिना चप्पलों के नंगे पैर रहने का संकल्प कर चुके हैं। प्रदूषण के बताए नुकसान मंत्री ने कहा कि



प्रदूषण का प्रभाव हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू, स्वास्थ्य, पर्यावरण और समाज पर गहरा पड़ता है।

वायु प्रदूषण से सांस संबंधी रोग, धूल और धुएं से एलर्जी, जल प्रदूषण से डायरिया, हैजा जैसे रोग होते हैं। ध्वनि प्रदूषण से मानसिक तनाव और नींद की कमी जैसी समस्याएं होती हैं। प्रदूषण के कारण ओजोन परत को नुकसान होता है और ग्लोबल वॉर्मिंग बढ़ती है। इसका परिणाम है कि बर्फ के पहाड़ पिघलते हैं और समुद्र का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। प्रदूषण से जीवन स्तर की गुणवत्ता कम होती है, बीमारियां बढ़ती हैं और सामाजिक असंतुलन उत्पन्न होता है। साफ हवा, स्वच्छ पानी और सुरक्षित वातावरण का अभाव समाज में तनाव और असुरक्षा को जन्म देता है।

## कांग्रेस महासचिव बोले- ऐसे समस्या का निदान न होगा

ऊर्जा मंत्री के संकल्प को लेकर कांग्रेस के महासचिव सुनील शर्मा ने रंजीत टाइम्स के संवाददाता ऋषि गोस्वामी से फोन कॉल द्वारा बात करते हुए कहा कि मेरी समझ से यह बाहर है कि सरकार के ऐसा करने से समस्या का निदान होगा। और अगर इस प्रकार करने से समस्या का निदान नहीं होता है तो इस प्रकार की गतिविधियां करने का कोई उपयोग नहीं है। ऐसे में इस समय इसकी आवश्यकता नहीं है, आवश्यकता इस बात की है कि भविष्य के लिए प्रयास किए जाएं, जिससे जनता की तकलीफ दूर हो। बिजली कटौती से जन-जन और बच्चे बेहाल हैं, बच्चे पढ़ नहीं पा रहे, उनकी परीक्षा और शिक्षा बाधित हो रही है। मेरे ख्याल से इस प्रकार की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि इससे समस्या का निदान नहीं होना है।

ऊर्जा मंत्री के संकल्प को लेकर उन्होंने कहा है कि वह क्या कर रहे हैं मैं नहीं कह सकता। लेकिन इस समय आवश्यकता जो है, वह मजबूती के साथ प्रयास करने की है। क्योंकि जो भाजपा सरकार प्रशासन की अकर्मण्यता है, उसको दूर करने की कोशिश होनी चाहिए। बाकी मुझे लगता है कि ऐसी गतिविधि करने से कोई समस्या का निदान हो सकता है।

# शिवपुरी के पूरनखेड़ी टोल पर चारधाम यात्रियों से मारपीट, VIDEO: बस को ओवरलोड बताकर रोका, महिलाओं से धक्का-मुक्की की; श्रद्धालुओं ने एनएच-46 पर लगाया जाम

**ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी के पूरनखेड़ी टोल प्लाजा पर एक बार फिर मारपीट का मामला सामने आया है। सोमवार को चारधाम की यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं की बस को टोल पर रोका गया, जिसके बाद टोल कर्मियों और बस स्टाफ के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान बस के ड्राइवर और उसमें सवार महिलाओं के साथ मारपीट की गई। घटना के विरोध में श्रद्धालुओं ने एनएच-46 पर जाम लगा दिया, जिससे करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। जानकारी के अनुसार, इंदौर क्षेत्र से श्रद्धालुओं का एक जत्था दो बसों में सवार होकर चारधाम की यात्रा पर निकला था। उनकी बस ओंकारेश्वर की ओर जा रही थी, लेकिन शिवपुरी जिले के पूरनखेड़ी टोल प्लाजा पर बस को रोक लिया गया। बस ड्राइवर जितेन्द्र के मुताबिक, टोल कर्मचारियों ने बस को ओवरलोड बताकर जबरन तौल कराने की जिद की, जबकि उन्हें पहले ही बता दिया गया था कि बस में 60 सवारियां हैं। महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट का आरोप ड्राइवर का आरोप है कि टोल स्टाफ की जिद पर जब बस स्टाफ ने विरोध किया तो टोल कर्मियों ने बस में घुसकर





मारपीट शुरू कर दी। जब महिलाओं ने इसका विरोध किया तो उनके साथ भी धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। इससे नाराज होकर यात्रियों ने हाईवे पर जाम लगा दिया।

चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

सूचना मिलने पर कोलारस पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस की समझाइश के बाद ही श्रद्धालु जाम हटाने को तैयार हुए। कोलारस पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

# सृजन कार्यक्रम का समापन

**ऋषि गोस्वामी**

"सृजन कैंप" में – किशोर किशोरियों ने सीखे आत्मरक्षा, कानून और जीवन कौशल स्थानः प्राथमिक स्कूल नुन्हेटा थाना पोहरी पुलिस मुख्यालय, भोपाल के मार्गदर्शन एवं सहयोग से शिवपुरी जिला पुलिस और विकास संवाद संस्था एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, बाल कल्याण समिति आदि के संयुक्त रूप से "सृजन यूथ कनेक्ट कार्यक्रम" के अंतर्गत किशोर बालक-बालिकाओं के लिए एक 15 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 19 मई से 2 जून 2025 तक प्राथमिक स्कूल नुन्हेटा पोहरी में संचालित किया जा रहा हैं जिसका समापन आज किया गया। यह शिविर मध्यप्रदेश की सामुदायिक पुलिसिंग व्यवस्था की एक अभिनव पहल है, जिसका उद्देश्य किशोरों को आत्मनिर्भर एवं जागरूक नागरिक के रूप में विकसित करना हैं शिविर के प्रमुख बिंदुः- आत्मरक्षा, कानूनी जानकारी, और जीवन कौशल का प्रशिक्षण, जेंडर संवेदनशीलता, शिक्षा का महत्व, बाल विवाह और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता किया गया बच्चों के साथ अलग अलग प्रकार के इंडोर एवं आउटडोर गतिविधियाँ जैसेः जुम्बा पीटी, मार्शल आर्ट, योगा, आत्मरक्षा के व्यावहारिक सत्र साइबर क्राइम, ट्रैफिक नियम, अधिनियमों की जानकारी ,नशामुक्ति, महिला एवं बाल अधिकार विषयों पर संवाद किया गया इस शिविर के माध्यम से बालिकाओं को सृजन आत्मरक्षा एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम की पृष्ठभूमि समझाई गई, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति सजग होकर आत्मविश्वास से आगे बढ़ सकें। यह भी सुनिश्चित किया गया है कि वंचित समुदाय के किशोर-किशोरियों को समुचित अवसर प्राप्त हों और उनका समग्र विकास हो। सृजन कार्यक्रम समापन के दोरान बालिकाओ के अभिभावको द्वारा भी भागीदारी की गई बालिकाओ ने 15 दिनों में सीखी गई गतिविधियों को मार्शल आर्ट एवं रोल प्ले के माध्यम से बताया एवं मंच पर अपने अनुभव साझा किए एवं टीम सदस्यो ने भी अपने अनुभव साझा किए कार्यक्रम समापन के अवसर पर एडिशनल एसपी श्री संजीव मुले थाना प्रभारी पोहरी रजनी सिंह चौहान ,अनीता शर्मा पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास विभाग पोहरी , दानवती आदिवासी सरपंच नोन्हेटा एवं विकास संवाद के स्टाफ का सहयोग रहा कार्यक्रम का संचालन जिला कॉर्डिनेटर अजय यादव ,संदीप नायिक विकास संवाद के द्वारा किया गया गया आरती परासर राज्य समन्वयक विकास संवाद के द्वारा का आभार व्यक्त किया गया।

# मन की शांति का आधार भौतिकवादी दृष्टिकोण नहीं हो सकता : श्री माताजी

**रणजीत टाइम्स**



विश्व की वर्तमान स्थिति पर यदि दृष्टिपात किया जाए तो हम पाते हैं कि अलग अलग संगठन विश्व शांति की बात करते हुए दिखाई देते हैं परन्तु वास्तव में विश्व शांति कहीं दिखाई नहीं देती। जिन देशों के प्रतिनिधि विश्व शांति की स्थापना का प्रयास करते हैं वे ही दूसरे देशों को दबाने का, परमाणु हथियारों का संग्रह करने का कार्य करते हुए दिखाई देते हैं। यह स्थिति विश्व स्तर से प्रारंभ होकर परिवार रूपी छोटी इकाई तक हर ओर है। परिवार से भी आगे प्रत्येक व्यक्ति भी आज इस स्थिति से गुजर रहा है। मानव, जीवन की आपाधापी से तंग आकर शांति की प्राप्ति का प्रयास करता है। छुट्टियों पर जाना, मेडिटेशन कक्षाओं से जुड़ना, तीर्थ यात्राएं, व्रत- उपवास, अन्य अनेक साधन शांति पाने का ही प्रयास होते हैं। परिणाम शून्य ना भी तो भी संतोषजनक नहीं होता है। कारण मात्र एक ही है बेकाबू मन का घोड़ा और उस पर सवार अहंकार। अहंकार का जन्म मन की असीमित इच्छाओं से होता है और अहंकार की तुष्टि न होने पर मनुष्य या तो आक्रामक हो जाता है या निराश। परंतु इस सृष्टि के वास्तविक सत्य से अनभिज्ञ मानव ये नहीं समझ पाता कि मन की शांति का आधार प्रेम व करुणा होती है तथा शांति बाह्य प्रयासों से नहीं पाई जा सकती यदि आप भीतर से संतुष्ट हैं तो कपड़े बुनते हुए भी कबीर हो सकते हैं या जूते गांठते हुए रैदास। सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने मन की शांति की सहजयोग में महत्ता का वर्णन कुछ इस प्रकार किया है कि, "हमें लोगों को प्रेम, करुणा, स्नेह व आत्म-सम्मान के साथ जीतना होगा। जब हम कहते हैं कि यह एक विश्व धर्म है, हम इस वैश्विक धर्म ( सहजयोग ) से संबंधित हैं, तो पहली और सबसे महत्वपूर्ण चीज़ यह है कि शांति इस धर्म का सार-तत्व है। शुरुआत करने के लिए, शांति हमारे अंदर होना आवश्यक है। आपको अपने अंदर शांत होना होगा। यदि आप शांत नहीं हैं, यदि आप अपने अहंकार के साथ चालाकियां कर रहे हैं, यदि आप मात्र यह कह कर अपने आप को तसल्ली दे रहे हैं कि मैं शांत हूँ, तो आप बुरी तरह से गलतफहमी में हैं। शांति का अपने अंदर ही आनंद लेना होगा। इसे आपको अपने अंदर महसूस करना होगा। अतः आप अपने आप को झूठी तसल्लियां न दें। अपने अंदर झूठी धारणाएं न पालें। अपने आप को धोखा न दें। आपको शांति को अपने अंदर खुद महसूस करना होगा।" (7 फरवरी 1985) सहजयोग में कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति के पश्चात् अहंकार की समाप्ति स्वयं ही हो जाती है और सहज रूप से मन में शांति की प्राप्ति होती है।

सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं – 1800 2700 800 बेवसाइट - sahajayoga.org.in

# उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा का मार्केटिंग सोसायटी में स्वागत किया !

**संजय प्रेम जोशी**



हाटपीपल्या देवास जिले के प्रभारी मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का मार्केटिंग सोसायटी में स्वागत अध्यक्ष महेन्द्रपाल सेंधव एवं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अजय प्रेम जोशी द्वारा किया गया , 247 करोड़ की नर्मदा पेयजल योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कार्यक्रम में शामिल होने आये उपमुख्यमंत्री देवड़ा मार्केटिंग सोसायटी पहुचे उनके साथ सोनकच्छ विधायक डां राजेश सोनकर , जिलाध्यक्ष रायसिंह सेन्धव, पूर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नौजे साहित कई भाजपा नेता उपस्थित थे,सभी अतिथियों का स्वागत मार्केटिंग पदाधिकारियों ने किया , इस अवसर पर चापड़ा सरपंच नाथुसिंह सेंधव, नेमीचंद पाटीदार संचालक देवेन्द्र सेन्धव , डां कृष्णपाल सेन्धव, अक्षय जोशी, प्रबंधक कमलसिंह राणावत सहित कई गणमान्य उपस्थित थे ।

# अभाविप की मांग पर दिनारा महाविद्यालय बना परीक्षा केंद्र विद्यार्थियों में खुशी की लहर

दिनारा - अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा लंबे समय से की जा रही मांग को विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्वीकार कर लिया है। इसके तहत अब दिनारा स्थित श्री भगवत सिंह यादव शासकीय महाविद्यालय में ही परीक्षा केंद्र बना दिया गया है। अभाविप ने बुधवार 21 मई को क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना के कुलपति के नाम एक ज्ञापन महाविद्यालय प्राचार्य को सौंपा था, जिसमें दिनारा में ही परीक्षा केंद्र बनाए जाने की मांग की गई थी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए इसे स्वीकृति प्रदान कर दी है।

इससे पूर्व, दिनारा के छात्र-छात्राओं को परीक्षाओं के लिए करैरा स्थित शासकीय महाविद्यालय जाना पड़ता था, जिससे उन्हें लंबी दूरी के साथ, परिवहन संबंधी कठिनाइयों, समय और धन की बर्बादी, एवं विशेष रूप से छात्राओं को असुरक्षा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। परीक्षा केंद्र के स्थानीय स्तर पर स्थापित होने से छात्रों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का आभार जताया और इसे छात्र हित में एक बड़ी उपलब्धि बताया। अभाविप नगर अध्यक्ष प्रशांत परिहार एवं पियूष भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि अभाविप विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो स्थापना काल से ही विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा, "छात्रों की समस्याओं का समाधान करना परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। और छात्रों की समस्याओं के समाधान के प्रति परिषद पूरी तरह प्रतिबद्ध है, और भविष्य में भी यह संगठन सेवा, समर्पण और संकल्प के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता रहेगा।" यह निर्णय न केवल स्थानीय छात्रों की सुविधा को बढ़ाएगा, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को अधिक सुलभ, सुरक्षित और प्रभावशाली बनाने की दिशा में भी एक सकारात्मक कदम है। मौके पर एबीवीपी के कार्यकर्ता हर्ष भार्गव राज भार्गव अनुराग पांडे अभिमन्यु यादव अर्पित गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दुःखद सूचना रघुवंशी का शव शिलांग की एक गहरी खाई से बरामद हुआ

इंदौर – हनीमून पर गए शिलांग से लापता नवविवाहित जोड़े की खबर ने पूरे शहर को चिंता में डाल दिया था। दुःखद सूचना सामने आई है – पति राजा रघुवंशी का शव शिलांग की एक गहरी खाई से बरामद हुआ है। पत्नी सोनम की तलाश अब भी जारी है। 11 मई को धूमधाम से शादी हुई थी, सपनों से भरा नया जीवन शुरू ही हुआ था। 20 मई को दोनों हनीमून पर निकले थे, लेकिन किसे पता था कि ये सफर ऐसा मोड़ लेगा... 23 मई को दोनों शिलांग से अचानक लापता हो गए थे। परिवार, दोस्त, शहरवासी – हर कोई बस एक ही दुआ कर रहा था – "भगवान इन्हें सही सलामत वापस लाए।" लेकिन 2 जून को, एक ऐसा समाचार आया जिसने सब को गमगीन कर दिया – राजा अब इस दुनिया में नहीं हैं। उनकी निःशब्द विदाई एक पहाड़ी खाई की गहराइयों में खो गई।

# अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती


## धूम धाम से मनाई गई

गोपाल गावंडे » रणजीत टाइम्स
प्रधान संपादक

31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी गांव में जन्मी राजमाता अहिल्याबाई होलकर का नाम भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। इस वर्ष 2025 में हम उनकी 300वीं जयंती मना रहे हैं – यह अवसर उनके त्याग, सेवा, न्याय और लोककल्याण के कार्यों को याद करने का है।

### अहिल्याबाई: जीवन का परिचय

अहिल्याबाई ने बहुत कम उम्र में खांडेराव होलकर से विवाह किया। उनके ससुर मल्हारराव होलकर ने उनकी योग्यता पहचानी और उन्हें शासन में सक्रिय किया। पति और ससुर की मृत्यु के बाद 1767 में अहिल्याबाई ने इंदौर रियासत की कमान संभाली।



उनका शासनकाल न्याय, लोकसेवा और प्रशासनिक कुशलता के लिए जाना जाता है। वे अपनी प्रजा के सुख-दुख में साथ रहती थीं और हर दिन दरबार लगाकर जनता की समस्याओं का समाधान करती थीं।

### धार्मिक और सांस्कृतिक योगदान

काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण

द्वारका, सोमनाथ, रामेश्वरम, बद्रीनाथ जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों का जीर्णोद्धार

देशभर में घाट, कुएं, बावड़ियां, तालाब और धर्मशालाओं का निर्माण

व्यापारियों, किसानों और गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का संचालन

### न्यायप्रिय और दूरदर्शी शासक

अहिल्याबाई का शासनकाल सादगी और न्यायप्रियता का प्रतीक रहा। उन्होंने खुद को विलासिता से दूर रखा और शासन में पारदर्शिता लाई। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वे अपने राज्य की हर छोटी-बड़ी समस्या को गंभीरता से लेती थीं और निष्पक्ष फैसले करती थीं। जनता उन्हें 'प्रजा माता' कहकर पुकारती थी।

### 300वीं जयंती का महत्व

अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर हम सभी के लिए यह प्रेरणा लेने का समय है कि शासन में पारदर्शिता और सेवा भाव रखा जाएए, महिलाओं को नेतृत्व और समानता का अधिकार मिले, अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों का सम्मान किया जाए, परोपकार और समाज सेवा को प्राथमिकता दी जाए

### रणजीत टाइम्स की श्रद्धांजलि

रणजीत टाइम्स परिवार की ओर से राजमाता अहिल्याबाई होलकर को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। हम उनके आदर्शों को अपनाने और समाज में न्याय, समानता और सेवा का संदेश फैलाने का संकल्प लेते हैं। राजमाता अहिल्याबाई होलकर अमर रहें।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

# डीएपी खाद नहीं मिलने से नाराज किसान नाराज किया चक्काजाम

## प्रशासन पर अनियमितता और कालाबाजारी का आरोप

रणजीत टाइम्स

**सुनील नगेले**

**शिवपुरी। जिले के कोलारस में किसानों ने डीएपी खाद नहीं मिलने के विरोध में शुक्रवार को जगतपुर चौराहे पर चक्का जाम कर दिया। किसानों का कहना है कि वे पिछले 15 दिनों से खाद के लिए भटक रहे हैं।**

उन्होंने खाद वितरण में अनियमितता और कालाबाजारी के भी आरोप लगाए हैं। चक्का जाम के दौरान किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। किसान सिरनाम ने बताया कि 13 मई को वे कोलारस तहसील में रात भर खाट डालकर रुके। 14 मई को कच्चा टोकन मिला, लेकिन पक्का टोकन अभी तक नहीं मिला। शुक्रवार को खाद वितरण की सूचना पर फिर तहसील पहुंचे, लेकिन दोपहर तक टोकन नहीं मिला। किसान प्रद्युम्न शर्मा और मोनू यादव ने कहा कि मानसून के पहले खेतों की तैयारी के लिए डीएपी खाद जरूरी है। प्रशासन ने 30 मई को वितरण का आश्वासन दिया था। वे सुबह 4 बजे से लाइन में खड़े रहे, लेकिन टोकन नहीं मिले। कोलारस टीआई रवि चौहान और तहसीलदार सचिन भार्गव



के समझाने पर किसानों ने जाम हटाया और यातायात बहाल हुआ।

तहसीलदार बोले- किसान बिना सूचना के तहसील परिषद पहुंचे इस मामले पर तहसीलदार सचिन भार्गव ने कहा- किसान बिना सूचना के तहसील परिषद पहुंचे। नैनो डीएपी और एपीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं, लेकिन किसान इन्हें लेने के लिए तैयार नहीं हैं। 26 मई को कोलारस और बदरवास में 1-1 हजार बोरी डीएपी खाद पहुंची थी। दोनों तहसीलों की समितियों को 4500 बोरी डीएपी खाद दी गई थी। अब डीएपी का स्टॉक समाप्त हो चुका है। नया स्टॉक आते ही वितरण किया जाएगा।

# अपराधियों में पुलिस का इतना खौफ होना चाहिए कि अपराध करने से पहले 10 बार सोचें



रणजीत टाइम्स

**ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी जिले मे पदस्थ एसपी अमन सिंह राठौड़ का मानना है कि गुंडे बदमाशों का स्थान समाज में नहीं बल्कि जेल में होना चाहिए. जनता में पुलिस की छवि साफ सुथरी होनी चाहिए ताकि वह अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें।

शिवपुरी ऐसा माना जाता है कि अपराधियों के खिलाफ जितनी सख्त कार्रवाई होगी, अपराध उतना ही कम होगा. यह बात सच भी है, जो कि शिवपुरी के पुलिस अधीक्षक को अपने करियर से मिले अनुभवों से साबित भी होती है. हम बात कर रहे हैं एक तेज तर्रार पुलिस अधिकारी के रूप में जाने माने वाले शिवपुरी जिले में पदस्थ पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ की. एसपी अमन सिंह राठौड़ व्यवहार कुशल होने के साथ-साथ एक सख्त प्रशासनिक अधिकारी हैं. जिनका मानना है कि गुंडे बदमाशों का स्थान समाज में नहीं जेल में होना चाहिए. ताकि जनता में पुलिस के प्रति छवि साफ-सुथरी हो और लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें. इसी के साथ ही अपराधियों में पुलिस का इतना खौफ होना चाहिए कि वह कोई अपराध करने से पहले 10 बार सोचें. एसपी अमन सिंह राठौड़ ने अपने।

# खनियाधाना में लोक माता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा को कुछ असमाजिक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त

रणजीत टाइम्स

**जगदीश पाल**

**खनियाधाना (शिवपुरी) लोक माता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा को कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया है जिसकी सूचना सामाजिक व्यक्तियों को लगी उन्होंने तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना देकर असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज कराया है थाना प्रभारी खनियाधाना द्वारा आश्वासन दिया गया है कि ।**

आरोपियों को जल्दी से जल्दी पकड़ कर गिरफ्तार कर जल्दी से जल्दी कार्रवाई की जाएगी एक दिवस पूर्व भी लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की 300जयंती सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ 31 मई बड़े धूमधाम से लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाए जाने थी इससे पूर्व भी असमाजिक तत्वों द्वारा प्रतिमा को प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिससे समाज के सभी लोगों मैं काफी रोष व्याप्त है पिछोर विधानसभा में लगातार एक के बाद एक मूर्तियों को क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं सामने आती रही हैं अभी कुछ दिन पूर्व बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को और आज खनियाधाना में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी की क्षतिग्रस्त कर दिया है एक और देश में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की 320 जयंती 31 मई को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की उपस्थिति में होने वाले महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का कार्यक्रम किया जा रहे हैं इसी अनुक्रम में 31 में को भोपाल के जंबूरी मैदान में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 भी जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा वहीं दूसरी ओर असामाजिक तत्वों ने खनियाधाना लोकमाता अहिल्याबाई की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।



# देवी अहिल्या की 300 वीं जयंती पर क्रिश्चियन कम्युनिटी के बीच पहुंचा राजपरिवार

## हैरिटेज बचाने के लिए सहयोग देंगे युवराज

रणजीत टाइम्स

दीपक तोमर



मंडलेश्वर। देवी अहिल्या की 300 वीं जयंती पर होल्कर राजपरिवार महेश्वर द्वारा अन्नदान करने का पुण्य कार्य किया गया।मां अहिल्या के शुभ जन्म दिन पर मंडलेश्वर की क्रिश्चियन कम्युनिटी को राज परिवार की ओर से भोज दिया गया।यह आयोजन 31 मार्च को मंडलेश्वर स्थित थेकरे मेमोरियल चर्च में सम्पन्न हुआ।राजपरिवार द्वारा रविवार को मंडलेश्वर क्रिश्चियन कम्युनिटी से चर्च में भेंट की गई।चर्च पहुंचने पर राज परिवार का स्वागत कम्युनिटी के सचिव सुशील बारलो द्वारा किया गया पास्टर आकाश बारलो ने राज परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की राजपरिवार के महाराजा शिवाजी राव होलकर द्वितीय , युवराज यशवंतराव होलकर तृतीय महारानी नायरिका राजे होलकर राजकुमारी चंद्रावती होलकर राजकुमार मार्तण्ड राव होलकर ने चर्च की प्रार्थना के बाद एक बालिका स्वतंत्र दयाल की पोती और प्रसिद्ध मॉडल अनुष्का दयाल की भतीजी कियाना दयाल का बर्थ डे भी सेलिब्रेट किया।इस अवसर पर महाराजा शिवाजी राव होलकर ने सभी लोगों को मां अहिल्या की जयंती पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि देवी मां अहिल्या के राज में हर व्यक्ति खुशहाल था वे समाज के हर व्यक्ति का ध्यान रखती थी धार्मिक कार्यों के अलावा उनके द्वारा समाज के गरीब वर्ग के लिए भी बहुत कार्य किए गए।इस अवसर पर नितिन जॉर्डन, स्वतंत्र दयाल रितेश मसीह विपिन जैन जीतू मुरियाडन क्रिस्टीन सहित बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग उपस्थित थे।

### मंडलेश्वर क हेरिटेज को बचाने की पहल करेंगे युवराज

मंडलेश्वर में होलकर राजपरिवार के सदस्य युवराज यशवंत राव होलकर से जब इतिहासकार दुर्गेश राजदीप ने मंडलेश्वर स्थित रेजिडेंट हाउस के बारे में चर्चा की तो युवराज ने होलकर हेरिटेज मैनेजमेंट को इसकी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा।युवराज ने कहा कि जहां जहां भी होलकर परिवार से संबंधित धरोहर है उसका संरक्षण किया जाएगा।दुर्गेश राजदीप ने बताया कि मंडलेश्वर स्थित महात्मा गांधी शासकीय स्कूल पहले रेजिडेंट हाउस कहलाता था जहां से अंग्रेजो ने पूरे निमाड़ पर शासन चलाया था। 1857 की क्रांति में यहां भीमा नायक की सेना ने अंग्रेजी सेना को परास्त किया था।उसके बाद नगर होलकर स्टेट के अधीन आ गया था महाराजा तुकोजीराव होलकर को इसी भवन में नजर बंद किया गया था । 1942 में इस भवन में होलकर स्टेट के डी आय जी का मुख्यालय और आवास था।अब इस भवन में शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल संचालित हो रहा है।लेकिन इसकी हालत जर्जर हो रही हैं इसलिए इस भवन को पुरातत्व विभाग को सौंप कर इसका जीर्णोद्धार कराया जाना चाहिए।

# लोक माता अहिल्याबाई होलकर जन्मोत्सव पर खनियांधाना नगर में निकाली ऐतिहासिक भव्य शोभायात्रा

## पाल बघेल समाज ने रैली निकाल दिया एकता का संदेश

रणजीत टाइम्स

जगदीश पाल

खनियाधाना( शिवपुरी )जिले के खनियांधाना नगर में अहिल्याबाई होलकर जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया खनियांधाना नगर के हर चौक- चौराहों पर लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पाल बघेल समाज के लोगों ने माल्यार्पण किया अहिल्याबाई होलकर जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान एक आयोजित आमसभा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने पाल बघेल समाज को संबोधित करते हुए कहा कि ये पाल बघेल समाज एक ईमानदार व वफादार -दमदार समाज है विधायक बोले आप सौभाग्यशाली हो जो अहिल्याबाई होलकर के वंशज हैं जिन्होंने ऐतिहासिक कार्य किए आज पूरा देश लोक माता अहिल्याबाई होलकर जन्मोत्सव मना रहा है विधायक लोधी ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर के पुनीत कार्य के लिए आप कुछ भी अच्छा करिए पैसे की कोई कमी नहीं आएगी आपका विधायक आपके साथ कभी भी याद करना आपके पाल बघेल समाज के लिए खड़ा मिलेगा विधायक ने 10-12वी में पाल बघेल समाज के बच्चों को सर्वोत्तम अंक हासिल करने वालों को भी सम्मानित किया इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि प्रहलाद सिंह यादव ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए न्याय देवी थी इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि जगत सिंह बघेल ने की इस अवसर पर अशोक सिंह यादव, पंजाब सिंह लोधी,विवेक यादव, ओमकार पाल शिक्षक, सुदामा पास शिक्षक, प्रीतम पाल शिक्षक, धनीराम पाल,विजयराम पाल , कल्यान पाल बंटी पाल,पवन पाल , रामपाल पाल,परमाल सिंह बघेल, सेन पाल ,रामनिवास पाल,दीपक पाल, बृजेन्द्र पाल ,भरत बघेल रामनिवास बघेल चिन्नोदी के अलावा हजारों की संख्या में पाल बघेल समाज के लोग उपस्थित रहे मंच का संचालन आशीष पाल ने किया।







# मां अहिल्यादेवी के 300 जन्मोत्सव पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई



इंदौर वार्ड क्रमांक 6 में मां देवी अहिल्या बाई होलकर जी के 300 जन्मोत्सव पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई। मुख्य अतिथि इंदौर नगर निगम कमिश्नर श्री शिवम वर्मा जी थे इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद संध्या यादव जी ए, जी,ओ एम यू एस ई फाउंडेशन के कार्यकर्ता वर्षा मालवीय नितिन परियार शिवम नेहा सोलंकी लकी देवलिया उपस्थित थे। कमिश्नर महोदय ने एनजीओ कार्यकर्ताओं की वार्ड के निर्माण 6 में अच्छे कार्य के लिए प्रशंसा की।

# सूक्ष्म शरीर के ज्ञान द्वारा ही उत्क्रांति के निरानंद की प्राप्ति संभव है



हम क्या हैं? हमारे अन्दर कौन-कौन सी व्यवस्था परमात्मा ने की है, और किस मशीन के कारण, किस तन्त्र के द्वारा हम परमात्मा को प्राप्त होंगे ? सहजयोग में आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के पश्चात् साधक इसे स्वयं ही अनुभव कर सकते हैं।- उत्क्रान्ति के अन्तिम भेदन तक पहुँचने के लिये हमारे शरीर में सूक्ष्म तन्त्र विद्यमान हैं।

नाड़ीतन्त्र : हमारे नाड़ीतन्त्र में तीन मार्ग हैं-

1 बायीं ओर का मार्ग ईड़ा नाड़ी कहलाता है। यह सूक्ष्म नाड़ी है जो बायें अनुकम्पी नाड़ी तन्त्र का पोषण करती है। इसे चन्द्र नाड़ी भी कहते हैं। यह मार्ग हमारे भावनात्मक तथा हमारे भूतकाल की रचना करता है। अवचेतन मन इसी मार्ग द्वारा सूचना प्राप्त करता है।

2 दायें मार्ग को पिंगला नाड़ी कहते है यह मार्ग दायें अनुकम्पी नाड़ीतन्त्र के लिये कार्य करता है। पिंगला नाड़ी शरीर-मस्तिष्क के लिये कार्य करती है अर्थात मानव के बुद्धिवादी कार्यों के लिये । दायें भाग में अतिचेतन मन है जो हमारे भविष्य की रचना करता है। यह सूर्य नाड़ी है।

3 बीच का पथ सुषुम्ना कहलाता है। इसी रास्ते से ब्रह्मरन्ध्र का भेदन करने के लिये तथा सर्वव्यापक शक्ति की सूक्ष्म ऊर्जा में प्रवेश करने के लिए कुण्डलिनी गुज़रती है। चक्र - हमारे उत्थान मार्ग (सुषुम्ना मार्ग) पर सात सूक्ष्म ऊर्जा चक्र हैं। कुछ सहायक चक्र भी हैं। हमारी विकास प्रक्रिया के दौरान इन सूक्ष्म चक्रों का सृजन हुआ।

1 मूलाधार चक्र (श्रोणीय Pelvic )

2 स्वाधिष्ठान चक्र (महाधमनी Aortic )

3 नाभि चक्र ( भवसागर Void)

4 अनाहत चक्र (हृदय Cardiac )

5 विशुद्धि चक्र (Cervical Plexus )

6 आज्ञा चक्र (पीयुष और शंकुरूप ग्रन्थियाँ- Pituitary & Pineal Glands)

7 सहस्त्रार चक्र (ब्रह्मरन्ध्र - Fontanelle)

कुण्डलिनी - कण-कण में व्याप्त हो जाने वाली सूक्ष्म शक्ति (परम- चैतन्य) से हमारा सम्बन्ध जोड़ने के लिये एक शुद्ध इच्छा-शक्ति है जिसे मनुष्य की पावन अस्थि में रखा गया है। यही कुण्डलिनी कहलाती है। यह कुण्डलाकार होती है। यह साढ़े तीन कुण्डलों में विद्यमान है। कुण्डलों का भी देवी गणितीय महत्व है। पावन त्रिकोणाकार अस्थि 'सेक्रम बोन' कहलाती है। यह पवित्र अस्थि मेरुरज्जु (रीढ़) के आधार पर स्थित है।

आत्मा : हमारे अस्तित्व में एक 'स्वचालित ऑटोनोमस नर्वस सिस्टम कार्यरत है। यह 'स्व' आत्मा है जो इस स्वचालित नाड़ीतन्त्र को चला रहा है। यह आत्मा हर मनुष्य के हृदय में निवास करती है। आत्मा, परमात्मा का प्रतिबिम्ब है, जबकि कुण्डलिनी परमात्मा की शक्ति का प्रतिबिम्ब है। इस सूक्ष्म तंत्र को सहजयोग ध्यान के माध्यम से सहज ही अनुभव किया जा सकता है तथा इसकी जागृति भी। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क है। सहजयोग द्वारा आनंद और अनगिनत लाभ लेने हेतु आप जानकारी निम्न साधनों से पा सकते हैं। टोल फ्री नं – 1800 2700 800। बेवसाइट - sahajayoga.org.in यूट्यूब चैनल – लर्निंग सहजयोगा

**क्राईम ब्रांच इंदौर पुलिस की बड़ी कार्यवाही**

# राजस्थान राज्य के MD ड्रग्स तस्कर आरोपीगण गिरफ्तार







आरोपीयों के कब्जे से लगभग 255 ग्राम अवैध मादक पदार्थ "MD ड्रग्स (अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 2 करोड़ 50 लाख रुपए), 01 मोटरसाइकिल, 02 आईफोन जप्त, आरोपियों प्रतापगढ़ (राजस्थान) से सस्ते दामों पर लाकर इंदौर एवं आसपास के क्षेत्रों में अधिक दामों पर, MD ड्रग्स बेचना का था इरादा। आरोपी ने पूछ ताछ में बताया कि उसके गांव कोटडी (प्रतापगढ़) में ज्यादातर लोगों का कार्य MD ड्रग्स तस्करी है। आरोपियों का पुलिस रिमांड प्राप्त करने सहित साथी आरोपी गैंग के सम्बन्ध में पूछताछ हेतु की जा रही है क्राईम ब्रांच के द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही। इंदौर क्राईम ब्रांच के द्वारा वर्ष 2025 में (01 जनवरी से आज दिनांक तक) 46 प्रकरणों में 84 ड्रग्स तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही कर करीब 536 ग्राम ब्राउन शुगर, 1 किलो 194 ग्राम MD ड्रग्स, 1 किलो 49 ग्राम चरस, 49.5 किलो गांजा, 9 लाख 33 हजार अल्प्राजोलम टैबलेट्स, 5 हजार 640 कोडीन सिरप (अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 11 करोड़ रुपए) जप्त कर कार्यवाही की गई है।

**अपराध क्रमांक 103/2025 धारा- 8/22**

घटना स्थल- रेलवे अंडर ब्रिज के पास, MR 4 रोड इन्दौर

## आरोपी का नाम

(1). नसीब खान उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम कोटडी, प्रतापगढ़ (राजस्थान)

▪ BA सेकंड ईयर तक पढ़ा है और खेती किसानी का कार्य के साथ साथ करीब 1 वर्ष से ड्रग्स तस्करी करना बताया, आदतन आरोपी के विरुद्ध रतलाम जिले में MD ड्रग्स के अपराध में जेल जाना कबूला है।•

(2). साहिल मंसूरी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम कोटडी, प्रतापगढ़ (राजस्थान)

▪ 8वी तक पढ़ा है और किराने की दुकान चलाना के साथ–साथ ड्रग्स तस्करी करना कबूला।•

जब्त माल का विवरण :- 255 ग्राम "MD ड्रग्स", 01 मोटरसाइकिल, 02 आईफोन।

## घटना का विवरण

प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं इनकी गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही कर इनके नेटवर्क को नेस्तनाबूत करने के सख़्त निर्देश माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिये गए हैं। इसी तारतम्य में इंदौर पुलिस कमिश्नर श्री संतोष सिंह के निर्देशन में इंदौर क्राईम ब्रांच विशेष अभियान चलाकर लगातार अवैध नशे पर कड़ा प्रहार कर रही है। इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि रेल्वे ब्रिज के नीचे MR 4 रोड इन्दौर में, राजस्थान के दो व्यक्ति नसीब ओर साहिल, MD ड्रग्स की तस्करी करने आने वाले है, मुखबिर सूचना को सच मानकर क्राईम ब्रांच टीम के द्वारा उक्त स्थान पर एक संदिग्ध मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आते दिखे जो पुलिस को देख घबराने भागने का प्रयास करते मोटरसाइकिल गिर गए और उनके पैरों में चोट भी आई , पूछताछ पर आरोपीयो के द्वारा अपना नाम (1). नसीब खान निवासी प्रतापगढ़ राजस्थान एवं (2).साहिल मंसूरी निवासी प्रतापगढ़ (राजस्थान) का होना बताया । आरोपीयो ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि राजस्थान से MD ड्रग्स सस्ते दामों पर लाकर शहर में सप्लाई करने का था इरादा।आरोपी के कब्जे से 255 ग्राम "MD ड्रग्स", 01मोटरसाइकिल, 02 आईफोन जप्त कर, आरोपीयो के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में अपराध क्रमांक 103/25 धारा 8/22 NDPS एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )